आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 25.09.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में बोर्ड परीक्षा के 75 मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया।
- प्रदेश के हर जिले में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत सीवेज से संबंधित कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है।
- चमोली जिले की तहसील नंदानगर घाट क्षेत्र में आपदा से प्रभावित गांवों में रेस्क्यू अभियान सम्पन्न। सभी लापता लोगों की तलाश पूरी। राहत कार्य जारी।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों से बातचीत भी की। 28 सितम्बर तक चलने वाले इस वैश्विक खाद्य आयोजन में 21 से अधिक देशों, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा दस केंद्रीय मंत्रालयों की भागीदारी होगी। इस दौरान सीओ गोलमेज सम्मेलन तकनीकी सत्र प्रदर्शनियों सहित कई सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष 14 पवेलियन में इस वैश्विक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लगभग एक लाख आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

**उत्कृष्टता पुरस्कार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 75 मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यालयों के तीन–तीन प्रधानाचार्यों के साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 50–50 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में शिक्षा में नवाचार, डिजिटल लर्निंग और भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले छात्रों और प्रधानाचार्यों को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि इस साल बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास होने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या 18 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अब अंक सुधार परीक्षा भी हो रही है, इससे छात्र छात्राओं पर परीक्षा को लेकर रहने वाला दवाब कम हुआ है।

**मुख्यमंत्री/स्वदेशी उत्पाद**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के सहस्त्रधारा क्रॉसिंग बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राज्य की भूमिका पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना न केवल हमारी परंपराओं और स्थानीय उद्योगों को मजबूत करता है, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से साफ–सफाई, ग्राहक सुविधा और बाजार व्यवस्थापन पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत है और व्यापारिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जीएसटी**

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम होने से नागरिकों को काफी राहत मिल रही है।

**नमामि गंगे**

प्रदेश में नदियों, झीलों और जलाशयों को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम, लगातार नए प्रयासों की दिशा में बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब राज्य के प्रत्येक जिले में सीवेज से संबंधित कार्ययोजना तैयार करने और नई परियोजनाओं की पहचान करने पर जोर दिया जा रहा है। नमामि गंगे के निदेशक विशाल मिश्रा ने बताया कि न केवल गंगा, बल्कि उसकी सहायक नदियों और अन्य महत्वपूर्ण जलाशयों, नदियों, झीलों और तालाबों को भी प्रदूषण से बचाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य के सभी जिलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इससे न केवल वर्तमान योजनाओं को सही दिशा में ले जाने में मदद मिलेगी, बल्कि भविष्य के लिए नई योजनाओं पर भी बेहतर तरीके से तैयार किए जा सकेंगे।

**रेस्क्यू अभियान सम्पन्न**

चमोली जिले की तहसील नंदानगर घाट क्षेत्र में आपदा से प्रभावित गांवों में प्रशासन और रेस्क्यू टीम द्वारा चलाया गया रेस्क्यू अभियान अब पूरा हो गया है। टीम ने आपदा में लापता एक व्यक्ति का शव आज बरामद किया। इससे पहले कल भी धुर्मा गांव से ही लापता महिला का शव भी बरामद किया गया था। नंदानगर घाट में 17 सितम्बर की रात आई आपदा में कुंतरी लगाफली, कुंरती सरपाणी और धुर्मा के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों से कुल 10 लापता लोगों में से एक व्यक्ति को सकुशल बचा लिया गया था। जबकि कुंतरी लगाफली, सरपाणी से शेष सात के शव रेस्क्यू टीम द्वारा पहले ही बरामद कर लिए गए थे। रेस्क्यू टीम ने अब सभी लापता लोगों की खोज पूरी कर ली है। जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से लगातार चलाए गए इस अभियान में सभी संभव प्रयास किए गए। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों तक राहत और आवश्यक सहयोग पहुँचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया। वहीं, प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य अभी भी जारी हैं।

**स्वच्छता ही सेवा**

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज पौड़ी जिला मुख्यालय के नया बस अड्डा परिसर और उसके आस–पास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की। 17 सितम्बर से शुरु हुआ स्वच्छता पखवाड़ा आगामी दो अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत न केवल नगर क्षेत्र बल्कि जिले के सभी विकासखंडों में भी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी जा रही है, ताकि लोग खुद भी साफ–सफाई रखें, साथ ही समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। उधर, सेवा पखवाड़े के तहत हरिद्वार, चम्पावत और ऊधमसिंह नगर जिले में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज ''एक दिवस, एक घंटा, एक साथ'' की थीम पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सामूहिक भागीदारी के माध्यम से शहरों और गांवों को स्वच्छ व सुंदर बनाना है।